हिन्दुस्तान

# ब्लैक फंगस की नकली दवा बेचने में दो व्यापारी गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,प्रयागराजNewswrap
Sat, 29 May 2021 04:12 AM




प्रयागराज। वरिष्ठ संवाददाता

कानपुर में ब्लैक फंगस की नकली दवा सप्लाई करने के आरोप में शुक्रवार को कानपुर पुलिस ने एसओजी की मदद से प्रयागराज में कई जगहों पर छापेमारी की। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वीडियो और आडियो रिकार्डिंग के आधार पर पुलिस ने खुल्दाबाद और नैनी के दो दवा व्यापारियों को गिरफ्तार कर ले गई। हालांकि यहां से दवाइयां बरामद नहीं हो सकी।
एसपी क्राइम आशुतोष मिश्र ने बताया कि कानपुर के ग्वालटोली थाने की पुलिस ने ब्लैक फंगस की नकली दवा बेचने के आरोप में ज्ञानेश को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 68 इंजेक्शन बरामद हुआ था। पुलिस ने पूछताछ कर उसे जेल भेज दिया। ज्ञानेश ने बयान दिया था कि उसे प्रयागराज के दो दवा व्यापारियों ने माल सप्लाई किया था। इसी सूचना पर कानपुर पुलिस ने प्रयागराज क्राइम ब्रांच की मदद से छापेमारी की। पुलिस ने कानपुर निवासी मधुरम वाजपेयी की मेडिकल स्टोर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मधुरम कालिंदीपुरम में रहता था। उसकी खुल्दाबाद क्षेत्र में दुकान है। इसी तरह नैनी के पंकज अग्रवाल की दुकान में छापेमारी की गई। पुलिस ने वहां से पंकज को पकड़ लिया। इनके अलावा कई अन्य संदिग्धों को पकड़ा गया है। एसपी क्राइम की मानें तो पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि लखनऊ की एक कंपनी से माल खरीदकर सप्लाई किया था। यह भी आरोप है कि सात हजार की दवा महंगे दामों पर बेचा था। 97 हजार की खरीदारी की बात सामने आई है। इस प्रकरण की जांच कानपुर पुलिस कर रही है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/prayagraj/story-two-traders-arrested-for-selling-fake-medicine-of-black-fungus-4071541.html